दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 95 मुरादाबाद 30 July 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, लीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## भाजपा प्रशिक्षण शिविर: मिशन-2024 के लिए छूटी जातियों पर नजर, छह साल बाद सरकार और संगठन का एक साथ मंथन

प्रदेश में तमाम गैर भाजपाई दल जब आपसी तू-तू, मैं-मैं और सहयोगियों के अलगाव से जूझ रहे हैं, तब भाजपा पूरे दमखम से मिशन-2024 की तैयारी में जुट गई है। बुंदेलखंड की धरती भाजपा के लिए चुनावी दृष्टि से शुभ रही है। इसलिए पार्टी ने इसी धरती को 2024 का चुनावी रोडमैप तैयार करने के लिए चुना है। तीन दिनी प्रशिक्षण वर्ग में भगवा खेमा लाभार्थियों तक पहुंच और छूटे हुए जाति-वर्गों में पैठ बढ़ाने को मंथन करेगा। इसमें मुख्यमंत्री से लेकर संगठन के बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री जनाधार बढ़ाने के लिए मंथन कर रणनीति बनाएंगे।छह साल बाद हो रहा बड़ा आयोजन- यूपी में सत्तारूढ़ होने के बाद यह पहला मौका होगा, जब पार्टी प्रदेश स्तर पर यह आयोजन कर रही है। इससे पूर्व वर्ष 2016 में बरेली में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया था। उसके बाद पार्टी सूबे की सत्ता में आई थी। इस बीच क्षेत्रीय स्तर पर ही प्रशिक्षण वर्ग हुए। इस बार का लक्ष्य दिल्ली की गद्दी बरकरार रखने का है। करीब 37 साल बाद सूबे में सत्ता बरकरार रखने में सफलता पाने वाली भाजपा, विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार जीत के रथ पर सवार है। पार्टी यह सिलसिला 2024 में भी जारी रखना चाहती है। सरकार और संगठन एक साथ मंथन करेंगे- इस प्रशिक्षण शिविर में सरकार और संगठन एक मंच पर होंगे। प्रदेश और क्षेत्र के पदाधिकारियों के




साथ ही यूपी कोटे के केंद्रीय और योगी सरकार के कैबिनेट मंत्रियों की मौजूदगी में मिशन-2024 को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को प्रभावी बनाने के साथ ही हर लाभार्थी तक पहुंचने की रणनीति पर बात होगी। विभिन्न सत्रों के माध्यम से कमियों पर चिंतन होगा। इस बात पर भी मंथन होगा कि कैसे सरकार और संगठन के समन्वय से जीत के लक्ष्य को हासिल किया जाए।

### यादव, पासी, कुर्मी में पैठ बढ़ाएगी पार्टी

भाजपा अपने जनाधार को और बढ़ाना चाहती है। इसके लिए पार्टी की उन जातियों और वर्गों पर नजर है, जहां पार्टी अभी ज्यादा पहुंच नहीं बना पाई है। कानपुर में कानपुर में स्व. हरिमोहन यादव की पुण्यतिथि में पीएम मोदी के संबोधन, आजमगढ़ में दिनेश लाल यादव निरहुआ की जीत, संगीता यादव को राज्यसभा और सुभाष यदुवंश को विधान परिषद भेजकर भाजपा ने सपा को घेरने की मुहिम शुरू भी कर दी है। जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने जाटों को भी संदेश देने का प्रयास किया है। इसके अलावा पसमांदा मुस्लिमों के बीच जगह बनाने को संघ और भाजपा शिद्दत से जुटे हैं।

समापन सत्र में जाएंगे योगी

शिविर के उद्घाटन सत्र में संगठन् के वरिष्ठ नेता मुरलीधर राव, राष्ट्रीय सह संगठन् मंत्री वी. सतीश रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत यूपी में रहने वाले केंद्रीय मंत्री भी आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 जुलाई को समापन सत्र में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रकोष्ठों एवं विभागों के प्रदेश संयोजक, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री और जिला प्रभारी मौजूद रहेंगे।

## ईडी को अर्पिता मुखर्जी की चार 'गायब' लग्जरी कारों की तलाश, सूत्रों का दावा- गाड़ियों में भी भरा है कैश और गोल्ड

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच अभी भी जारी है। ईडी घोटाले से हुई काली कमाई पर कार्रवाई कर रही है। पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों से ईडी अब तक करीब 49 करोड़ रुपये और कई किलों जेवरात बरामद कर चुकी है। ईडी की नजरें अर्पिता की चार गायब लग्जरी कारों पर भी हैं।समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, दक्षिण कोलकाता के टालीगंज में डायमंड सिटी वाले घर से अर्पिता की चार लग्जरी कार गायब हैं। ईडी को इन चार कारों की तलाश है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, अर्पिता मुखर्जी का फ्लैट जिस कांप्लेक्स है, उसमें पार्किंग के पांच स्लाट रिजर्व किए गए थे। ईडी ने टालीगंज वाले फ्लैट पर छापेमारी की थी। रिकार्ड के अनुसार 22 जुलाई की शाम तक दो मर्सिडीज बेंज, एक होंडा सिटी, एक होंडा सीआर-वी और आडी ए 4 समेत पांच कार पार्किंग में खड़ी थीं। जब केंद्रीय एजेंसी ने इस आवास परिसर में उसके फ्लैट पर छापा मारना शुरू कर दिया था ईडी के सूत्रों ने पुष्टि की कि जब तक उन्होंने 23 जुलाई की सुबह तलाशी और जब्ती अभियान खत्म किया, तब तक पांच में से चार वाहन गायब हो गए थे। अधिकारियों ने कहा कि हम सिर्फ एक सफेद रंग की मर्सिडीज बेंज का ही पता लगा



पाए और उसे जब्त कर लिया है। हम बाकी चार कारों को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

### चार कारों में कैश, गोल्ड होने का शक

ईडी के अधिकारी लापता चार वाहनों में नकदी, सोना या अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के होने से इनकार नहीं कर रहे। पता चला है कि पांच कारों में से अर्पिता मुखर्जी ने दो का ही इस्तेमाल किया। बाकी कारों का इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया।

### ईडी अधिकारियों ने की लापरवाही- दिलीप घोष

भाजपा नेताओं ने गायब कारों पर हैरानी जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सांसद दिलीप घोष ने कहा कि ईडी अधिकारियों की तरफ से लापरवाही हुई है, जिससे कारें गायब हुई। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को ऐसे संवेदनशील मामलों से निपटने में सावधानी बरतनी चाहिए।

## माफी मांगता हूं, जुबान फिसलने के कारण हुआ ऐसा... राष्ट्रपति को लिखे पत्र में बोले अधीर रंजन चौधरी

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अपनी उस टिप्पणी के लिए माफी मांग ली है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए भूलवश एक गलत शब्द का इस्तेमाल किया। चौधरी ने पत्र में कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह जुबान फिसलने से कारण हुआ। मैं माफी मांगता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि आप इसे स्वीकार करें। अधीर



रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में की गई अपनी एक टिप्पणी पर स्पष्टीकरण देते हुए गुरुवार को कहा कि उनसे गलती हो गई क्योंकि वह हिंदी भाषा बहुत अच्छी तरह नहीं जानते। चौधरी ने यह भी कहा था कि उन्होंने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है और उनसे मिलकर माफी मांगेंगे।

### बयान के बाद दोनों सदनों में बवाल

चौधरी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द का उपयोग कर दिया था। भाजपा सदस्यों ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में इस विषय को लेकर हंगामा किया और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी की मांग की। कांग्रेस नेता चौधरी ने गुरुवार को कहा, मैं एक बंगाली हूं, हिंदी बहुत अच्छी नहीं आती, मैंने गलती की है, मैं इसे स्वीकार करता हूं।

### 'पद की गरिमा का पूरा सम्मान है'

चौधरी ने कहा, देश का राष्ट्रपति जो भी हो, चाहे वह ब्राह्मण हो, या आदिवासी, हमारे लिए राष्ट्रपति हैं। पद की गरिमा का पूरा सम्मान है। कल पत्रकारों से बातचीत में यह शब्द चूकवश निकल गया। उसी समय पत्रकार ने मुझे कहा कि आप राष्ट्रपति कहना चाहते हैं। मैंने कहा कि ( यह शब्द ) चूकवश निकल गया, इसे नहीं दिखाएंगे तो बेहतर होगा। इसके बाद भी पत्रकार ने इस वीडियो को चलाया।


www.knlslive.com

# द्वितीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में द्वितीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिलें में यातायात नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो पर कमेटी गठित कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाये। शहर के प्रमुख मार्गो पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाएं। उन्होने विद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धको को निर्देश दिये कि वे यह ध्यान रखेंगे कि यदि विद्यालय में कोई भी छात्र-छात्रा बाइक या स्कूटी से आते है तो उनसे अनिवार्य रुप से हेल्मेट का प्रयोग अवश्य करवाया जाए। तथा वाहन चालको को हेल्मेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जाये एवं स्कूली वाहन चालको का चरित्र का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाये। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिया है कि छात्र/छात्राओं के सुरक्षा के मद्देनजर स्कूलों में चल रहे बसें/वाहनों का सर्वे कर वाहनों के फिटनेस की जाँच की जाय और जाँच के दौरान जो वाहन अनफिट पाये जाएं, उनकी सूची उपलब्ध कराएं, ताकि अनफिट वाहनों का संचालन रोका जा सके। उन्होने अनफिट विद्यालय वाहन के संचालन की दशा में प्रबन्धक के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्होने यह भी निर्देश दिया कि स्कूल बसों व अन्य भारी वाहनों पर ओवरलोडिंग न होने पाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सुरक्षित यात्रा के दृष्टिगत अनिवार्य रुप से हेल्मेट और सीटबेल्ट का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि जनपद के समस्त विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया जाए तथा उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाए। उन्होने समस्त विद्यालय के प्रबन्धकों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों के ड्राईविंग लाइसेंस एवं चरित्र, पते एवं अन्य दस्तावेजों का अनिवार्य रूप से सत्यापन अवश्य करायें। वर्ष में एक बार विद्यालय से सम्बन्धित सभी वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराया जाए। विद्यालय से सम्बद्ध वाहनों के दस्तावेज, पंजियन पुस्तिका, फिटनेस बीमा, परमिट की जांच अवश्य करायें। इसके साथ ही विद्यालयों के छात्रों के अभिभावकों को सुरक्षा सम्बन्धी नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाए। विद्यालय परिसर के बाहर दोनो साइडों पर रोड ब्रेकर बनाये जाये, तथा विद्यालय के कर्मचारियों की स्कूल खोलने एवं बन्द करने के समय ड्यूटी लगायी जाए.इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों से वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेल्मेट का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का सदैव पालन करें, क्योंकि जीवन बहुत ही अमूल्य है। उन्होने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति यातायात नियमों का पालन नहीं करते पाया गया, तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विनीत कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित,यातायात प्रभारी मनीष पाण्डेय, यात्री/मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान सहित विद्यालय के प्रबन्धकगण सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बढ़ती मँहगाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी और बढ़ती महंगाई को लेकर जहां विपक्ष एक ओर सरकार को घेरते हुए नजर आ रहा है वही आम आदमी पार्टी भी कहीं से पीछे नजर नहीं आ रही है आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अगुवाई मे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर मुख्यालय भिनगा में महंगाई के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी एवं बढ़ती महंगाई को लेकर जहां एक और विपक्ष सरकार पर हमलावर दिखाई देता है किसी भी मौके को मनाने में झुकता नहीं दिखाई देता है वहीं विपक्षी पार्टी आम आदमी पार्टी श्रावस्ती के जिला अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की रसोई गैस पर आए दिन की जाने वाली बढ़ोतरी खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी एवं जनपद में कोल्ड मालिकों द्वारा मनमाने तरीके से वसूले जा रहे भाड़े को वापस लेने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे वही अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामकृष्ण सोनी जिला महासचिव मंगलेश पटेल ,बनवारी लाल, विद्यानिवास द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल, मंगल निषाद, जितेंद्र गुप्ता, रमन बाजपेई ,माता प्रसाद मौर्य ,रामनरेश मौर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जनपद श्रावस्वती के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका आश्रम पद्धति में जनपद जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम युवा उत्सव का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के उद्घाटन सदस्य विधान परिषद श्रावस्ती/बहराइच प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जनपद स्तरीय इस कार्यक्रम में जनपद के ग्रामीण एवं शहरी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए अपनी उत्साहवर्धन करते हुए उनकी भुरि-भुरि प्रशंसा की गई और इस कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति आयोजन हेतु युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया कार्यक्रम में बिधावार कलाकारों की सूची संलग्न कर प्रेषित है कार्यक्रम का समापन तथा चयनित कलाकारों को पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती अनुभव सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम का नेतृत्व कृष्ण स्वरूप मिश्र जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी के नेतृत्व कराया गया द्वारा मुख्य विकास अधिकारी ने आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर अतुल कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जमुना व रवि कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, शिव शरन लाल, प्रमोद कुमार शर्मा, बाबूराम पाठक, शिव कुमार पाठक, शिव कुमार वर्मा,व जनपद के पीआरडी के जवान सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों से अच्छे प्रभावशाली कलाकार का खोज विभाग द्वारा कराकर विकासखंड से जनपद स्तर और जनपद स्तर से प्रदेश स्तर तक जाते हैं ऐसे लोग जो ग्रामीण अंचलों में निवास करते हैं उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद मे रुचि रखते है। लड़कियां अपने प्रभाव को निखार चहते उनके लिए सरकार हर ग्राम पंचायत में खेलकूद की सामग्री सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विशेष ध्यान दे रही है

# छात्रों को एन0डी0आर0एफ0 ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एन0डी0आर0एफ0 की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है। साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों/कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी क्रम में जनपद के विकास खण्ड गिलौला स्थित श्री शारदा इंटर कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा भूकंप में बचाव के तरीके, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, आग से बचाव की तकनीक, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस ( राफ्ट ) बनाना, सड़क सुरक्षा, सर्पदंश से बचाव, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर श्री शारदा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

# महर्षि दयानन्द इंटर कालेज भदासना में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड मूढापाण्डे स्थित महर्षि दयानन्द इंटर कालेज भदासना में आयोजित शादी समारोह में आज 130 हिन्दू एवं मुस्लिम नव दम्पत्तियों का परम्परागत रीति रिवाज के साथ शादी समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 70 हिन्दू तथा 60 मुस्लिम जोड़े नव दाम्पत्य जीवन में बंधे। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण ने नव दम्पत्ति जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के अर्न्तगत ब्लाक में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत जो लाभार्थी परिवार गरीब है एवं अपने आप शादी नही कर सकते हैं उनके लिए बहुत अच्छी योजना है, सरकार उन जोडों को दाम्पत्य जीवन में बांधकर आगे बढाने का कार्य कर रही है। योजना के अर्न्तगत 35 हजार रुपये लाभार्थी के खाते भेजे जाते हैं तथा 10 हजार रुपये की सामग्री दी जाती है। यह उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने बताया कि पहले भी योजनाएं बनती थी किन्तु पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ नही पहुंचता था तथा आज देश एवं प्रदेश में परिवर्तन आया है एवं सभी वर्गो के लोगों को योजना का लाभ समान रुप से मिल रहा है। डा0 रामवीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक माहौल उत्पन्न होता है। भविष्य में सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि भी दोगुनी हो जाएगी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी व्यवस्था दी जाये। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में योजनाएं लाकर प्रदेश एवं देश को शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था बनाकर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। ब्लाक प्रमुख नवदीप यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कई सामाजिक कुरीतियों दहेज, भ्रूण हत्या आदि पर भी रोक लगेगी तथा क्षेत्र में विकास कार्य निरन्तर चलते रहेंगे। खण्ड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए शासन द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को दिलवाने की दशा में विकास खण्ड स्तर पर पूर्ण प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व प्रत्याशी 29-कुन्दरकी डा0 रामवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख नवदीप यादव, खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती श्रद्धा गुप्ता तथा नव दम्पत्ति एवं उनके परिजन उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी 01 अगस्त को सदर तहसील से करेंगे मतदाताओं से आधार एकत्र करने का शुभारम्भ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया है कि विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार एकत्र किए जाने के अभियान का शुभारम्भ तहसील सदर मुरादाबाद से जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 01 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे तहसील सदर में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शुभारम्भ के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री/महानगर अध्यक्षो से उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया। ए0डी0एम0 प्रशासन ने बताया कि उक्त स्वैच्छिक आधार एकत्रीकरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के समय 27-मुरादाबाद ग्रामीण, 28-मुरादाबाद नगर, 29 -कुन्दरकी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों से भी उक्त अवसर पर उपस्थित रहकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम का व्यापक कवरेज करने का आह्वान किया है ताकि मतदाताओं में सकारात्मक संदेश संचारित हों और वे स्वैच्छिक रुप से अपने मतदाता फोटो पहचान पत्र आधार नम्बर से लिंक कराने हेतु प्रोत्साहित हो सके।

# मण्डलायुक्त ने ई0ओ0 धामपुर एवं झालू के खिलाफ की दण्डात्मक कार्यवाही

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धामपुर के अनुपस्थित रहने तथा तालाब का सौन्दर्यकरण हेतु स्वीकृत धनराशि रु0 51 लाख के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्त होने के बावजूद भी परियोजना पूर्ण होने की तिथि व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी 18 लाख ही व्यय कर कुल भौतिक प्रगति 50 प्रतिशत होने पर मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने दोषी अधिकारियों का वेतन बाधित करते हुए अपनी अनुपस्थिति के संबंध में उनके समक्ष स्पष्टीकरण मय साक्ष्यों के 3 दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। कमिश्नर ने 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय न0पे0 योजना हेतु स्वीकृत धनराशि रु0 61 लाख के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्त होने के बावजूद एवं परियोजना पूर्ण होने की तिथि 31 मार्च 2022 व्यतीत होने के उपरान्त भी मात्र 41 लाख ही व्यय कर कुल भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत होने तथा विगत समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग नही करने पर मण्डलायुक्त ने उनका भी वेतन बाधित करते हुए अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मय साक्ष्यों के तीन दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# अवैध संबंधों के चलते शादी के तीन माह बाद पत्नी को घर से निकाला

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मूंढापांडे थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों के चलते एक युवक ने शादी के तीन महीने बाद ही पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। शुक्रवार को पीड़िता ने कप्तान से न्याय की गुहार लगाई। कप्तान ने मूंढापांडे थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पीड़िता संगीता पुत्र रामकिशोर मूंढापांडे थाने के पास की रहने वाली है। तीन माह पूर्व उसकी शादी रामपुर के मिलक निवासी युवक के साथ हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति के किसी दूसरी लड़की से अवैध संबंध हैं। विरोध करने पर उत्पीड़न किया जाता था।

# मोहर्रम में दो रोजे रखना नबी की सुन्नत

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -शुक्रवार को सुरजन नगर के नई बस्ती मोहल्ले में स्थित मदीना मस्जिद में जुमे की नमाज सामूहिक रूप से सैकड़ों नमाजियों ने अदा की। शहर इमाम मुफ्ती मोहिउद्दीन कासमी ने बताया कि मोहर्रम महीने में सभी मुसलमानों को हमारे नबी की सुन्नत तरीके को अपनाते हुए दो रोजे रखना चाहिए। नबी ने फरमाया है कि यह दोनों रोजे मोहर्रम की 9, 10 या 10 और 11 तारीख को रखे जाते हैं। इन दोनों रोजों की अदायगी करना सुन्नत तरीका है। हर मुसलमान को नबी के बताए हुए हर तरीके पर अमल करना जरूरी है।

तभी हम नबी की सुन्नतों को अदा कर पाएंगे। मोहर्रम का महीना हर मुस्लिम के लिए गम का महीना है। इसके साथ ही दुआओं का महीना है। कुछ नासमझ लोग इसे खुशी के तौर पर मनाते हैं लेकिन उनको भी खुद में सुधार करना चाहिए। बयान के बाद यहां पर नमाज अदा की गई और अंत में रहमत की बारिश के लिए दुआएं मांगी गईं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Incoherent speech

Getting to the bottom of the truth in politics is a difficult and often impossible task. Especially when it is a matter of deciding someone's intention. Leader of Congress in Lok Sabha Adhir Ranjan Chowdhury says that while talking to a journalist, his tongue slipped and the word 'national wife' came out of his mouth instead of the President. On the other hand, the Bharatiya Janata Party alleges that it was not done by mistake, they said so deliberately to insult His Excellency. It cannot be disagreed with Union Finance Minister Nirmala Sitharaman that the word used for Her Excellency is a term of 'gender discrimination'. Even if we accept Adhir Ranjan Chowdhury's words to be true, even then it will be considered his fault. Such a lapse is not expected from the place where he is. Despite this, such lapses or such controversies are not new to us. That is why Kabirdas has said that the speech is priceless, whatever one speaks, knows. Weigh the scales, then the face will come out. At least that is what we expect from our public representatives. Especially when something is being said about the President. Then the current Majesty is also a woman, and comes from a tribal community. Anything said about him can hurt a very large community. Whether it happened by mistake or intentionally, Adhir Ranjan Chowdhury has taken an ax on his own foot with this statement. He said this at a time when the Congress and other opposition parties were gearing up to surround the government in Parliament on the issue of inflation. A large part of the news coming from both the Lok Sabha and the Rajya Sabha was overshadowed by the opposition's opposition to inflation. But only for a day, all these things went back. The issue changed and the government, surrounded on the issue of inflation, heaved a sigh of relief. So far, where the opposition's ruckus was over, the opportunity to speak up came in the hands of the ruling party, and the Congress was on the defensive. When the ruckus started, the matter was not limited to Chaudhary, the demand started that the Congress leadership should also apologize. Adhir Ranjan Chowdhury also apologized in the same way as there is a tradition of apologizing with but-but in Indian politics. But such apologies of politics never satisfy the opposing side and the same thing happened in this case also.“Any indecent remark about persons holding constitutional posts cannot be acceptable in any civilized society. Therefore, it is expected that taking lessons from the present episode, all political parties will be careful in such matters. When Parliament will sit on Friday, leaving behind this controversy, all the political parties will take further care. It is a matter of concern that the monsoon season has so far been mostly a ruckus. Discussion on all important issues like inflation, unemployment, rupee value is very important in both the houses. Now the government and the opposition will have to make a mutual agreement about the rules under which that discussion should be held. The rest of the work of the Parliament is equally important for the country, it should be the priority of everyone, both the government and the opposition.

# Sachin Tendulkar's daughter Sara has become very beautiful, people started asking home address

A video of Sara Tendulkar is going viral on Instagram. It has been shared by photographer Viral Bhayani on Instagram. It has got more than 15000 likes in 50 minutes. While around 77 comments have been made on it. In the video, Sara Tendulkar is seen in white color. Wearing a t-shirt and black pants, he can be seen walking into the building. He is carrying two bags in his hands. Video of Sara Tendulkar shared by Viral Bhayani - Sharing the video of Sara Tendulkar, Viral Bhayani wrote, 'How beautiful Hai Sara Tendulkar. 'Bhaiyal' one has written, 'Shopping after becoming man of the match'. But beautiful, nice, amazing comments are being made like Sara Tendulkar is the daughter of cricketer Sachin Tendulkar.“Sara Tendulkar is the daughter of Sachin Tendulkar. She named it after winning the Sahara Cup. Sachin Tendulkar has been awarded the Bharat Ratna and has played for the Indian cricket team. He has also made many records as a cricketer in his name.Sara Tendulkar Can work in films - Sara Tendulkar is said to work in films. Sara Tendulkar often shares her hot and bold photos and videos. Recently she shared pictures from her vacation, which went viral. have been



# Bipasha Basu and Karan Singh Grover's house is about to resonate! married 6 years ago

After Alia Bhatt and Ranbir Kapoor, the house of another Bollywood couple is going to resonate soon. Yes, there is news that Bipasha Basu and Karan Singh Grover are going to be parents. Bipasha and Karan Bedi tied the knot in April 2016. Their marriage was done in a very private manner in which only family members and close friends were involved. After marriage, there were many rumors of Bipasha's pregnancy, which the couple always denied. Now it is being told that their first child is going to come to Bipasha and Karan's house. However, neither of them has made an official announcement yet. Excited to become parents - Bipasha and Karan met during the film 'Alone'. This film was released in 2015. This is Karan's third marriage with Bipasha. Earlier he was married to Shraddha Nigam and Jennifer Winget. Bipasha and Karan dated for about a year and then took seven rounds. According to the report of the English website Pinkvilla, they are going to become parents after six years of marriage. Soon the couple will make an official announcement about this. According to a close source, Bipasha and Karan are very excited about their child. What are you doing on the workfront - Both Bipasha and Karan are very active on social media. In April, he posted on his wedding anniversary. On the work front, Karan was last seen in the web series Qubool Hai 2.0. At the same time, Bipasha Basu worked in the crime thriller mini-series 'Dan- ger- ous'.



# आजादी के अमृत महोत्सब की श्रंखला में तहसील अलीगंज सभागार में हुआ भव्य आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आजादी के अमृत महोत्सब के अन्तर्गत 25 जुलाई से 30 जुलाई तक उज्वल भारत-उज्वल भविष्य, पावर एट 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में तहसील अलीगंज सभागार में उज्वल भारत-उज्वल भविष्य कार्यक्रम का क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों का विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की नीति के तहत कार्य कर रही हैं। ग्रामों में बिना किसी भेदभाव सबको बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जनकल्याणार्थ सौभाग्य योजना के माध्यम से घर-घर बिजली पहुंचाने का काम किया गया है। तो वहीं जनपद जनपद के 575 ग्राम पंचायतों के 2133 ग्राम/मजरों का विद्युतीकरण कर उनके जीवन स्तर में गुणोत्तर सुधार लाने का कार्य भी किया है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय 11वीं, 12वीं एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय नवीन तथा सौभाग्य योजना के



अन्तर्गत 2133 ग्राम/मजरों में विद्युत पोल 81352 नग, विभिन्न क्षमता के परिवर्तक 3788 नग, 11केवी की 1901.76 किमी0 विद्युत लाइनों का निर्माण कर ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। इन सभी योजनाओं के अन्तर्गत जनपद में 84606 नग उपभोक्ताओं को विद्युत संयोजन निर्गत किये गये हैं। अधीक्षण अभियंता राज कुमार ने बताया कि जनपद एटा की सभी नगर पंचायत,नगर पालिका के आईपीडीएस टाउन (एटा टाउन, जलेसर टाउन, राजा का रामपुर टाउन, अलीगंज टाउन, जैथरा टाउन, सकीट टाउन, मारहरा, टाउन, निधौलीकलाँ टाउन, अवागढ़ टाउन) में जर्जर तार, पोल, नवीन परिवर्तक स्थापना एवं लाइनों के निर्माण के साथ-साथ परिवर्तकों की ट्राली उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया गया है। जनपद एटा में 10 नवीन 33/11केवी उपकेन्द्रों का निर्माण तथा बीस 33/11केवी उपकेन्द्रों की क्षमताबृद्धि का कार्य भी पूर्ण कराया गया है। इन सभी योजनाओं के अन्तर्गत जनपद एटा में रू0 271.20 करोड़ की लागत से विद्युतीकरण के कार्य पूर्ण किये गये हैं। कार्यक्रम के दौरान पुष्पेन्द्र कुमार, प्रवेश कुमार सहित अन्य लाभार्थियों ने विद्युत विभाग की योजनाओं के सफल संचालन के संबंध में प्रकाश डालते हुए जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम मानवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अरविंद गुप्ता, अधीक्षण अभियंता विद्युत राज कुमार, अधिशासी अभियंता आरबी राय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, योजनाओं के लाभार्थीगण आदि मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल में मार्कशीट के नाम पर छात्रों से शिक्षक,क्लर्क कर रहे है अवैध बसूली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सरकारी स्कूल में मार्कशीट के नाम पर छात्रों से शिक्षक,क्लर्क कर रहे है अवैध बसूली, छात्रों से मार्कशीट लेने के नाम पर कर रहे है 50 से 100 रुपये की बसूली, रुपये ना देने पर छात्रों को हड़काकर नही दे रहे है मार्कशीट, शिक्षक छात्रों से अवैध रूप से वसूले जा रहे रुपयों से कुर्शी फर्नीचर रिपेयरिंग कराने की वीडियो में कह रहे है बात, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अविनाशी सहाय सरकारी इंटर कॉलेज का मामला।

# राष्ट्रपति शपथ के कार्यक्रम राष्ट्रीय रिपब्लिक पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नदीम इकबाल सामाजिक कार्य को देखते हुए सम्मान किया गया

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- राष्ट्रपति शपथ के कार्यक्रम राष्ट्रीय रिपब्लिक पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी नदीम इकबाल सामाजिक कार्य को देखते हुए सम्मान किया गया काफी समय से समाज के साथ जुड़े हुए वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रीय रिपब्लिक पार्टी वफादारी से दिल जीतने वाले काफी समय से पार्टी के लिए सक्रिय जनता को सहयोग हर समय गरीब पीड़ितों की मदद करने वाला व्यक्ति बरेली की पहचान बनकर समाज में नया चेहरा उबर के आने वाला व्यक्ति नदीम इकबाल को दिल्ली राष्ट्रपति भवन में बुलाकर देश के 15 में राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सम्मान किया गया जिससे बरेली का नाम रोशन हुआ नदीम इकबाल से सवाल पूछने पर बड़ा ही शांत स्वभाव वाला जवाब दिया आप यह पुरस्कार पाकर कैसा महसूस कर रहे हैं नदीम इकबाल ने कहा मैं इसके लायक नहीं था फिर भी आप लोगों ने मुझे इस लायक समझा जिसका मैं दिल से धन्यवाद करता हूं अपने पार्टी के श्री रामदास अठावले जी का आभार व्यक्त किया सम्मान मिलने की खुशी के मौके पर नदीम इकबाल के निवास पर क्षेत्र निवासी और परिजनों की भीड़ लगती भी नजर आई और लोगों ने नदीम इकबाल का स्वागत मुबारकबाद पेश की क्षेत्र के लोगों को कहना है नदीम इकबाल समाजसेवी के साथ बड़े ही शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं हमेशा हर गरीब की मदद करने के लिए खड़े रहते हैं आज इनको सम्मान मिलने के बाद बरेली का नाम रोशन हुआ

# अभियुक्त कोर्ट से मौका पाकर भाग निकला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-न्यायालय एक्सक्लूसिव पॉक्सो कोर्ट जनपद एटा में वाद सं- 54/2014 मुअसं- 359/2014 धारा 363, 366, 376 भादवि व 4 पोक्सो एक्ट थाना जैथरा राज्य बनाम दीपू उर्फ कुलदीप पुत्र श्री जयसिंह निवासी टपुआ थाना अलीगंज एटा की पत्रावली निर्णय में नियत थी जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को उपरोक्त धाराओं में दोष सिद्ध मानते हुए हिरासत में लेकर कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी राकेश कुमार की सुपुर्दगी में दिया गया। कुछ समय पश्चात अभियुक्त उपरोक्त को कटघरे में खड़ा कर कोर्ट मोहर्रिर वारंट पर हस्ताक्षर कराने हेतु माननीय न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में गया था, जब वह हस्ताक्षर करा कर वापस आया तो अभियुक्त वहां से मौका पाकर भाग निकला। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर एटा पर मुअसं-548/2022 धारा 223, 224 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना कोतवाली नगर थाना जैथरा एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम बनाकर सार्थक प्रयास किए जा रहे है, साथ ही कोर्ट मोहर्रिर के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# युवक के नहर किनारे रखा मिला सुसाइड नोट और कपड़े

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में कमेटी के कर्जा से परेशान युवक के कपड़े और सुसाइड नोट नहर किनारे रखा मिला। पुलिस ने इस घटना जानकारी परिवार के लोगों को दे दी। इसके साथ ही एटा में कमेटी के कर्जा से परेशान युवक के कपड़े और सुसाइड नोट नहर किनारे रखा मिला।

पुलिस ने इस घटना जानकारी परिवार के लोगों को दे दी। इसके साथ ही पुलिस युवक की तलाश कर रही है। कोतवाली नगर के होलीगेट निवासी आबाद (30) पुत्र इब्राहिम की दुकान रेलवे रोड तिराहा पर है। गुरुवार की सुबह से गायब था। शाम के समय हजारा नहर पर उसके कपड़े, आधार कार्ड, जाति प्रमाण और सुसाइड नोट लिखा हुआ रखा था। आसपास के लोगों ने यह देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी गई। यह खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस नहर में युवक की तलाश करा रही है।

# ऋतु पुनिया बनीं बरेली की एडीएम प्रशासन

बरेली-शासन ने शुक्रवार को पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। बरेली के एडीएम प्रशासन की जिम्मेदारी बदायूं की एडीएम प्रशासन ऋतु पुनिया को दी है।

बरेली के एडीएम प्रशासन वीके सिंह को इसी पद पर बदायूं ट्रांसफर किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव पांडेय का मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव के पद पर तबादला किया गया है। शासन ने एसडीएम पीलीभीत रहे राकेश कुमार गुप्ता को बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# केन्द्रीय मंत्री का पुतला फूंक किया विरोध प्रदर्शन युंका का हल्ला बोल कार्यक्रम





रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर.-स्मृति ईरानी की बेटी के द्वारा गोवा में चलाए जा रहे अवैध बार और रेस्टोरेंट के साथ पशु क्रूरता मामले को लेकर सूरजपुर युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह व शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय डोसी की अगुवाई में स्मृति ईरानी का अग्रसेन चौक पर पुतला फूंका। इस दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने पुराने विश्राम गृह से अग्रसेन चौक तक रैली निकाली और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इंकाइयों ने भारतीय जनता पार्टी के चाल,चरित्र और चेहरे को लेकर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि जब सरकार में बैठे नुमाइंदे ही ऐसा करेंगे तो देश कैसे चलेगा। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और अग्रसेन चौक पर पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन करते हुए हल्ला बोला। धरना प्रदर्शन व पुतला दहन के दौरान युंका नेता में अभिषेक सिंह सोमू, जनपद अध्यक्ष जगलाल सिंह, पार्षद संजीत यादव, पार्षद अभिषेक श्रीवास्तव, पार्षद कुसुमलता राजवाड़े, पवन साहू, पार्षद राम सिंह, गिरधारी साहू, परमेश्वर राजवाड़, कौनेन अंसारी, शक्ति ठाकुर, संजीव सेट्ठी, राहुल सिंह, कुंदन विश्वकर्मा, हर्ष दनोदिया, अमन विश्वकर्मा, हेमंत कुमार, अजहर जुगनू, राहुल साहू, अफरोज, शाहिद खान, हिमांशु प्रताप सिंह, भावना नेताम, अदनान सिद्दीकी, हिरालाल, आरिफ अली, मनीष देवांगन, अहमद रजा, शिव राजवाड़े, नवनीत दुबे, चिंटू सोनवानी, कलकत्ता राजवाड़े, सतवंत सिंह, पल्लवी, बुद्धेश्वर राजवाड़े, वागिशा मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू, सरफराज खान, अज्जू, अमान सहित बड़ी संख्या में जिले के युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बैकोना में सरपंच के द्वारा धड़ल्ले से कराया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन व भण्डारण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राजेन्द्र सिंह आयम सत्ता पक्ष से जनप्रतिनिधि होने के बावजूद शासन के निर्देशों का अवहेलना कर अवैध रेत उत्खनन ,भंडारण एवं तस्करी में शामिल सुरजपुर-विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बैकोना के ग्रामीणों ने सरपंच राजेंद्र सिंह आयम पर रेत का अवैध भण्डारण एव रेत तस्करी करने का आरोप लगाया है तथा इसकी शिकायत प्रतापपुर एसडीएम से भी की थी इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से सरपंच के हौसले और बुलन्द हो गये अब रेत ट्रक के माध्यम से यूपी भेंज बेचने के फिराक में है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। पूरा मामला प्रतापपुर विकासखंड से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बैकोना का है जहाँ के ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच राजेन्द्र सिंह आयम ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में शासन के सख्त निर्देश के बावजूद बाकी नदी से अवैध रेत उत्खनन करा बिना अनुमति भारी मात्रा में रेत का भंडारण किया है। सरपंच ने बड़ी चालाकी दिखाते हुए मुख्य मार्ग के किनारे गन्ने के खेत के पीछे रेत का भंडारण किया है जहां से ट्रक के माध्यम से रेत यूपी भेजा जा रहा है । प्रारंभ में सरपंच ने ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए रेत भंडारण करने की बात कही थी, लेकिन ग्रामीणों ने सचिव से पूछताछ की तो उसने बताया कि ग्राम पंचायत में कोई भी निर्माण कार्य नहीं चल रहा है और नहीं रेत भंडारण के संबंध में कोई जानकारी है। बाकी नदी में सरपंच के द्वारा अवैध तरीके से रेत उत्खनन, भण्डारण का कार्य ताना शाही व नेता गिरी के दम पर कराया जा रहा है। मीणों ने राजनैतिक संरक्षण का लगाया आरोप- ग्राम बैकोना के ग्रामीणों का आरोप है कि रेत का अवैध उत्खनन करने वाले सरपंच को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है,खुद को कांग्रेसी बता प्रदेश में कांग्रेस सरकार है जिसका धौंस भी दिखता है। जिसके कारण कोई कुछ नहीं कर पाता। जो लोग इसका विरोध करते हैं उनको भी शांत करा दिया जाता है। उनका यह भी आरोप है कि यहाँ पर अवैध रूप से रेत दिन में लेबरों के माध्यम से और रात में मशीनें लगाकर रेत निकाल अवैध भण्डारण किया गया है। शिकायत को किया गया नजरअंदाज- ऐसा नहीं है कि इस मामले कि जानकारी प्रशासन को नहीं है। आम लोगों को अवैध रेत उत्खनन करते हुए पकड़े जाने पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई करने वाला प्रशासन रसूखदारों पर कार्रवाई करने से कतरा रहा है। पूरे मामले में ग्रामीणों का कहना हैं कि ग्राम बैकोना में रेत उत्खनन की नामजद शिकायत एसडीएम से की गई लेकिन अधिकारियों के द्वारा शिकायत को नजरंदाज कर दिया गया। क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है, इसके बाद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए हैं। प्रतीक जायसवाल तहसीलदार प्रतापपुर- अवैध रेत उत्खनन व डंपिंग सरपंच द्वारा कराया जा रहा है जिसकी जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है मुझे इसकी जानकारी नहीं थी,मैं मामले की जाँच कराता हुँ। गोपाल दास टण्डन-खनिज निरीक्षक सूरजपुर- ग्राम बैकोना में विभाग के द्वारा रेत उत्खनन व भंडारण की अनुमति नहीं दी गई है। मैं स्वयं भंडारण स्थल पर जाकर निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई करूंगा।

## सात दिवसीय मितानिन प्रशिक्षण संपन्न

# स्वस्थ भारत के निर्माण में मितानिन की भूमिका महत्वपूर्ण- केके अग्रवाल



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला स्तरीय सात दिवसीय मितानिन प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय मंगल भवन में आयोजित किया गया सात दिवसीय मितानिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की डॉ अनीता, जिला समन्वयक रोशनी सिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, पार्षद संतोष सोनी, गिरधारी साहू समेत अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने मितानिन के सेवाभावी कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में मितानिन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए मितानिनो को रीड की हड्डी से संबोधित करते हुए कहा कि गर्भवती माताओं से लेकर जन सामान्य की छोटी मोटी स्वास्थ्यगत जरूरतों को मितानिन ही पूरी कर रही हैं। कोविड पीरियड में कोरोना की पहचान व दवा वितरण से लेकर वैक्सीनेशन तक के कार्य को जान की परवाह किए बगैर बखूबी किया है।

इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सिंह ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की दृष्टि से मितानिनो को प्रोत्साहित किया और कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सफलता में मितानिन की भूमिका अहम है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रवेश गोयल एवं जिला समन्वयक रोशनी सिंह चौहान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान से और समापन आभार प्रदर्शन से किया गया।

# प्रभारी रेंजर पर ट्रक छोड़ने के एवज में वसूली का आरोप



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला मुख्यालय में पदस्थ प्रभारी रेंजर का विवादों से नाता नही टूट रहा है।लेकिन उनकी पहुँच इतनी तगड़ी है कि वे अंगद की पांव की तरह जमे हुए है।आएदिन कुछ न कुछ उन पर आरोप लगते रहते है।हाल ही में उन पर ढाई लाख रुपये लेने का आरोप लगा है।जिस पर डीएफओ ने जांच की बात कही है पर रेंजर से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो वे पत्रकार पर ही भड़क गए और कहा कि में भी लाख रुपए लूटने का आरोप लगा देता हूं।इतना ही नही इतने उखड़ गए अपनी मर्यादा भी भूलने लगे। मामला भैयाथान ब्लॉक के भवराही का है। जिसमे अनवारुल नामक शख्स ने आला अधिकारियों को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत हर्रापारा तह0 भैयाथान के निजी भूमि 404 / 2 रकबा 0/42 हेक्टर भूमि पर 8 नग सूखा पुराना वृक्ष जो आधी तूफान से गिरा हुआ था आदेश के माध्यम से 8 नग गिरे हुए आम के वृक्ष से प्राप्त 221 नग बोगी 77.726 घन मीटर काष्ठ को आकाश जायसवाल, वैजनाथ जायसवाल निवासी ग्राम तार बंगला रोड डेहरी ऑनसौन जिला रोहतास ( बिहारी ) को बिक्री किया गया तहसील भैयाथान के पत्र क्र0 13 वाचक तहसील 2021 भैयाथान दिनांक 12/01/2021 के द्वारा राज्य से बाहर परिवहन हेतु टी.पी. जारी करने बावत् अनापति प्रदान किया गया आम परजाति के सूखा काष्ठ सत्यापन परिक्षेत्र सहायक भैयाथान से कराया गया था पत्र के माध्यम से राज्य के बाहर आम के उपरोक्त काष्ठ के परिवहन हेतु टी पी जारी करने की अनुशंसा प्रति मुझे प्राप्त था।